आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अंबेडकरनगर के सिविल लाइन ग्राउंड पर दो हजार एक सौ बाईस करोड़ रूपये की चार हजार नौ सौ सतहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही उन्होने दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह के पहले माफिया अंबेडकरनगर में जमीन पर कब्जा करते थे पर आज कोई माफिया किसी जमीन पर कब्जा या बेटी से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो माफिया का इलाज नहीं होता। माफिया पिछली सरकारों द्वारा पाले गए जीव थे, जो उन नेताओं की आजीविका के माध्यम बनते थे।

श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने चार करोड़ देशवासियों को आवास दिया। उन्होने कहा कि पहले गरीब और भक्त को आवास दिया गया, फिर भगवान के मंदिर का भी निर्माण किया गया। श्री योगी ने कहा कि यदि डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो यूपी में 56 लाख गरीबों को मकान नहीं मिल पाता। पहले लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, लेकिन आज हर जरूरतमंद को बिना भेदभाव गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उन्तालीस उपजिलाधिकारियों, इकतालीस पुलिस उपाधीक्षकों एवं सोलह कोषाधिकारी–लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्ष पहले तक प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है।

श्री योगी ने नवचयनितों से कहा कि उनके पास तीस से पैंतीस वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र नौ माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न तो किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न तो कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले सात वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है।

****

लोकार्पण–शिलान्यास के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में भी एक हजार नब्बे करोड़ रूपये की चार सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने इन विकास परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया। वहीं मुख्यमंत्री ने गोण्डा में स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन करने के साथ ही जिले की एक हजार छः सौ नवासी करोड़ रूपये की चार सौ बाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कल अपने गृह जनपद गोरखपुर में होंगे। वह यहां खाद कारखाना क्षेत्र में आयोजित लोकार्पण–शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर विकास प्राधिकरण की अट्ठारह सौ करोड़ रूपये की नई आवासीय टाउनशिप, राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी की आधारशिला रखेंगे। साथ ही पच्चीस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और इक्यावन परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चार मंजिली फार्मेसी बिल्डिंग का भी शिलान्यास करेंगे।

****

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज पीलीभीत जिले की नवनिर्मित तहसील कलीनगर के नवीन भवन का लोकार्पण किया। तहसील भवन की इमारत के निर्माण पर छः करोड़ बीस लाख रूपये खर्च हुए हैं। लोकार्पण समारोह में पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के साथ ही अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

****

खेलो इण्डिया के तहत अमरोहा के चोटीपुरा स्थित श्रीमद् दयानंद कन्या गुरूकुल महाविद्यालय में चल रही तीन दिवसीय चौथी नेशनल सीनियर स्पोर्ट्स योगासन चैम्पियनशिप–दो हजार तेइस–चौबीस का समापन हुआ। चैम्पियनशिप में उन्तीस प्रदेशों की पांच सौ बयासी महिला योग एथलीटों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

****